कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, उज्जैन (म0प्र0)

//विविध आदेश//

क्रमांक–.....08../दो–12–14/24 उज्जैन,दिनांक...23 जनवरी, 2025

प्रति

समस्त न्यायाधीशगण
मुख्यालय, उज्जैन (म.प्र.)

विषय :– न्यायालयों में पदस्थ तृतीय श्रेणी कर्मचारीगण के अवकाश अवधि में अन्य तृतीय श्रेणी कर्मचारीगण की अस्थायी ड्यूटी लगाये जाने के संबंध में।

––00––

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि न्यायालयों में पदस्थ कर्मचारीगण के अवकाश अवधि में अन्य तृतीय श्रेणी कर्मचारीगण की अस्थायी ड्यूटी लगाये जाने हेतु मुख्यालय पर पदस्थ श्री सुनील कुमार, विशेष न्यायाधीश (अजा/अजजा अधिनियम) उज्जैन तथा उनके अवकाश अवधि में श्री संजय श्रीवास्तव, पंचम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, उज्जैन को अधिकृत किया जाता है।

सभी न्यायाधीशगण को निर्देशित किया जाता है कि वह अपने अधीनस्थ कर्मचारी के अवकाश पर होने संबंधी तथा अन्य कर्मचारी की मांग हेतु प्रातः 10.45 बजे तक कार्यालय में पदस्थ श्री बसंत शर्मा, आफिस मोहर्रिर को अवगत करायेंगे एवं प्रत्येक दिवस प्रातः 11.00 बजे श्री बसंत शर्मा, आफिस मोहर्रिर जानकारी प्राप्त कर उपरोक्त न्यायाधीश के समक्ष उपस्थित होंगे।

साथ ही समस्त न्यायाधीशगण को निर्देशित किया जाता है कि वह अवकाश पर रहने के दौरान अपने अधीनस्थ पदस्थ कर्मचारीगण साक्ष्य लेखक/स्टेनोग्राफर को निर्देशित करेंगे कि वह अवकाश अवधि में प्रातः 10.45 बजे विशेष न्यायाधीश/पंचम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, उज्जैन (संबंधित न्यायाधीश) के समक्ष उपस्थित रहेंगे।

Sd/-
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
उज्जैन (म.प्र.)

पृ. क्रमांक–742/ दो–12–14/24 उज्जैन,दिनांक......... जनवरी, 2025

24 JAN 2025

प्रतिलिपि –

1. श्री सुनील कुमार, विशेष न्यायाधीश (अजा/अजजा अधिनियम) उज्जैन
2. श्री संजय श्रीवास्तव, पंचम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, उज्जैन

   की ओर सूचनार्थ प्रेषित्।
3. श्री बसंत शर्मा, आफिस मोहर्रिर कार्यालय प्रधान जिला न्यायालय, उज्जैन

   की ओर पालनार्थ एवं उक्त कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने हेतु प्रेषित्।
4. समस्त तृतीय श्रेणी कर्मचारीगण (जिला मुख्यालय) उज्जैन

   की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित्।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
उज्जैन (म.प्र.)